

बल्लेबाजी में भी निराश किया

## हार्दिक की बोलिंग को लेकर सेलेक्टर्स भी चिंतित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबुधाबी। भारतीय चयनसमिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा को विश्वास था कि हार्दिक पंड्या आईपीएल में गेंदबाजी करेंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब भारतीय उप कप्तान रोहित शर्मा ने उम्मीद जताई है कि यह ऑलराउंडर टी20 विश्व कप से पहले अगले सप्ताह गेंदबाजी करना शुरू कर देगा। पंड्या ने आईपीएल के यूएई चरण में पांच मैच खेले जिनमें उन्हें विशेष सफलता नहीं मिली। चयनसमिति के अध्यक्ष की सार्वजनिक घोषणा के बाद लग रहा था कि वह गेंदबाजी करेंगे लेकिन उन्होंने इस बीच एक भी ओवर नहीं किया। रोहित ने आईपीएल में मुंबई के आखिरी मैच के बाद कहा, जहां तक उनकी (हार्दिक) गेंदबाजी का सवाल है तो फिजियो और ट्रेनर उसकी गेंदबाजी पर काम कर रहे हैं। उन्होंने अभी तक एक भी गेंद नहीं की है। हम एक बार में एक मैच को ध्यान में रखकर उसकी फिटनेस का आकलन करना चाहते थे। उन्होंने कहा, उसमें दिन प्रतिदिन सुधार हो रहा है। हो सकता है कि अगले सप्ताह तक वह गेंदबाजी करने लग जाए। केवल चिकित्सक और फिजियो इसके बारे में बता सकते हैं।

पंड्या ने बल्लेबाजी में भी निराश किया तथा केवल 127 रन बनाए। उनका औसत 14. 11 और स्ट्राइक रेट 113.39 रहा। रोहित ने कहा, जहां तक उसकी बल्लेबाजी का सवाल है, वह थोड़ा निराश होगा लेकिन वह बेहतरीन खिलाड़ी है। वह इससे पहले भी मुश्किल परिस्थितियां से बाहर निकला है। उन्होंने कहा, वह अपनी बल्लेबाजी से खुश नहीं होगा लेकिन टीम को उसकी क्षमताओं पर भरोसा है। मुझे स्वयं उसकी क्षमताओं पर पूरा विश्वास है। रोहित मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल भारतीय खिलाड़ियों की फॉर्म से चिंतित नहीं हैं, क्योंकि टी20 विश्व कप अलग तरह का टूर्नामेंट होगा जहां कोई खिलाड़ी अभ्यास के दौरान भी लय में लौट सकता है।

# केएल राहुल के पास रोहित और विराट से ज्यादा काबिलियत

क्रिकेट

## राहुल की पंजाब किंग्स टीम आईपीएल के प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर पंजाब किंग्स के कप्तान केएल राहुल की बैटिंग के मुरीद हो गए हैं। राहुल ने आईपीएल 2021 में 600 से अधिक रन बनाए। हालांकि उनकी टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई। अपने आखिरी लीग मुकाबले में पंजाब ने चेन्नई को हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बरकरार रखने के भरसक प्रयास किए लेकिन वह इसमें असफल रहे। इस मैच में राहुल ने 98 रन की तूफानी पारी खेली थी। ऑरेंज कैप के दावेदारों में राहुल टॉप पर हैं।

सीएसके के खिलाफ राहुल की शानदार पारी देखकर गंभीर ने पंजाब के कप्तान की जमकर तारीफ की। गौतम ने कहा कि भारत में किसी भी अन्य बल्लेबाज की तुलना में राहुल के पास अलग–अलग शॉट्स के भंडार हैं। गंभीर ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, यदि आप ऐसे (चेन्नई के खिलाफ) ही बल्लेबाजी करते हो, तो ऐसी ही बल्लेबाजी क्यों नहीं करते? उनके पास संभवतरू रोहित शर्मा और विराट कोहली से ज्यादा काबिलियत है। मैं सिर्फ चेन्नई के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी को देखकर ऐसा नहीं कह रहा। बल्कि उनके पास असल में ऐसा है। उनके पास भारत में किसी भी बल्लेबाज से ज्यादा शॉट्स हैं। उन्होंने फिर से ऐसा करके दिखाया है।





**आईपीएल 2021 में बनाए 626 रनः** राहुल दूसरी बार आईपीएल में पंजाब की कप्तानी कर रहे थे। उन्होंने आईपीएल के मौजूदा सीजन में 14 मैचों में सर्वाधिक 626 रन बनाए हैं। वह 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले इकलौता क्रिकेटर हैं। उन्होंने इस दौरान 6 अर्धशतक लगाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 98 रन रहा जो उन्होंने चेन्नई के खिलाफ बनाया।

**आने वाले समय में पूरी दुनिया उनके बारे में बात करेगीः** बकौल गंभीर, राहुल अगर ऐसे ही खेलते रहे तो आने वाले समय में पूरी दुनिया उनके बारे में बात करेगी। राहुल को बस इसी तरह अपना क्रिकेट खेलना चाहिए। भारत ही नहीं पूरी दुनिया में उन्हें अपना आक्रामक खेल दिखाना चाहिए। आज पूरी दुनिया विराट कोहली और रोहित शर्मा को उनके शानदार खेल के लिए जानती है। आने वाले समय में अगर राहुल ऐसे ही खेलते रहे तो दुनियाभर के लोग उनके बारे में इस से भी ज्यादा बढ़ चढ़कर बातें करेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास भारत के किसी भी अन्य प्लेयर्स के मुकाबले मैदान में चारों तरफ शॉट लगाने की ज्यादा काबिलियत है।

**छठे स्थान पर रही पंजाब टीमः** पंजाब किंग्स ने मौजूदा आईपीएल सीजन में कुल 14 मैच खेले जिसमें से उसे 6 में जीत मिली जबकि 8 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा।

# मुंबई का इस सीजन में प्लेआफ में पहुंचने का सपना टूट गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आइपीएल 2021 के प्लेआफ में पहुंचने का मुंबई इंडियंस का सपना टूट गया। मुंबई को आइपीएल के इस सीजन के अपने आखिरी मैच में प्लेआफ तक पहुंचने के लिए हैदराबाद को 64 रन के अंदर आउट करना था, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया और इसके साथ कोलकाता नाइट राइडर्स इस सीजन में प्लेआफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गई। इस सीजन में सबसे पहले एम एस धौनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स ने प्लेआफ में जगह बनाई थी तो वहीं दिल्ली कैपिटल्स ऐसा करने वाली दूसरी टीम बनी थी। इसके बाद विराट कोहली की कप्तानी वाली आरसीबी ने प्लेआफ में



कोलकाता, सीएसके, आरसीबी और दिल्ली प्लेआफ में पहुंचे

जगह बनाई और सबसे अंत में केकेआर ने ये कमाल किया।

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम इस सीजन में प्लेआफ तक नहीं पहुंच पाई। हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में मुंबई ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 235 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था और उसे प्लेआफ में क्वालीफाई करने के लिए हैदराबाद की टीम को 64 रन के अंदर समेटना था, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया और कोलकाता ने आराम से प्लेआफ के लिए क्वालीफाई कर लिया। आइपीएल के 14 सीजन में ये पांचवां मौका है जब मुंबई प्लेआफ के लिए क्वालीफाई नहीं पाई। वो 9 बार प्लेआफ में पहुंची थी जिसमें पांच बार चैंपियन बनी थी।

आइपीएल के इस सीजन के लिए चार टीमों के नाम फाइनल होने के बाद अब पहला क्वालीफायर मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 10 अक्टूबर को खेला जाएगा तो वहीं अगली ही दिन यानी 11 अक्टूबर को एलिमिनेटर मुकाबले में आरसीबी और केकेआर के बीच भिड़ंत होगी। इस मैच में हारने वाली टीम फाइनल की होड़ से बाहर हो जाएगी। वहीं दूसरा क्वालीफायर मुकाबला 13 अक्टूबर को खेला जाएगा।

## खतरे में टीम इंडिया का मिशन टी20 वर्ल्ड कप ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पास बस एक दिन का वक्त बचा है। टी–20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में बदलाव करने की आखिरी तारीख 10 अक्टूबर है। इंडियन प्रीमियर लीग 2021 का लीग स्टेज खत्म होने के बाद, BCCI की एक मीटिंग है। कप्तान विराट कोहली, उपकप्तान रोहित शर्मा और बोर्ड के बीच वर्ल्ड कप टीम को लेकर चर्चा होगा। शर्मा की मुंबई इंडियंस इस बार प्लेऑफ में भी जगह नहीं बना पाई है। यह चिंता की बात इसलिए है कि क्योंकि जिन 15 खिलाड़ियों का नाम वर्ल्ड कप के लिए घोषित किया गया था, उनमें से छह मुंबई के लिए खेलते हैं। आज होने वाली बैठक में उन 15 में से कई चेहरों को आईपीएल में प्रदर्शन के आधार पर बदला जा सकता है। बदलाव की संभावना इस वजह से भी ज्यादा है क्योंकि वर्ल्ड कप भी UAE और ओमान में खेला जाना है। अगर वर्ल्ड कप टीम में शामिल खिलाड़ियों की आईपीएल परफॉर्मेंस देखें तो टीम इंडिया का मिशन खतरे में नजर आता है।

## न्यूज डायरी



### टी20 क्रिकेट में भारत के सबसे सफल गेंदबाज बने पीयूष चावला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अनुभवी लेग स्पिन गेंदबाज पीयूष चावला ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में डेब्यू किया। यह दोनों टीमों का आईपीएल 2021 में अंतिम लीग मुकाबला भी रहा। मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस को इस मुकाबले में बड़ी जीत की दरकार थी लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाई। रोहित शर्मा की अगुआई वाली मुंबई का लगातार तीसरी बार आईपीएल ट्रॉफी जीतने का सपना चकनाचूर हो गया। मुंबई इस मुकाबले में जीती जरूर लेकिन वह प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाई नहीं कर पाई। इन सबके बीच चावला ने अपने नाम एक बड़ी उपलब्धि दर्ज कर ली। चावला टी20 क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उत्तर प्रदेश, गुजरात, टीम इंडिया, किंग्स इलेवन पंजाब, कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से टी20 मैच खेल चुके चावला ने इस दौरान अपने हवमतन साथी गेंदबाज अमित मिश्रा को पीछे छोड़ा जो टी20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाले भारतीय थे।

### विकेटकीपर केएस भरत का खुलासा, मैक्सवेल के कहने पर लगाया बड़ा शॉट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के नए स्टार खिलाड़ी कोना भरत ने कहा है कि उनके वरिष्ठ साथी ग्लेन मैक्सवेल को उन पर पूरा भरोसा था कि वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बड़ा शॉट खेलकर जीत दिला सकते हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज भरत ने आईपीएल 2021 के 56वें मैच में आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर आरसीबी को रोमांचक जीत दिलाई। आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले भरत ने 52 गेंदों पर नाबाद 78 रन बनाए। उन्होंने दबाव में धैर्य बनाए रखा और अवेश खान की मैच की अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। भरत से पूछा गया कि आखिरी ओवर से पहले उनके बीच क्या बातचीत हुई थी तो उन्होंने बताया कि कैसे मैक्सवेल ने उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 32 और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 44 रन की उपयोगी पारियां खेलने वाले भरत ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, आखिरी ओवर में मैंने और मैक्सी ने बात की कि हम किन क्षेत्रों में शॉट खेल सकते हैं।

### छाए रहे जूनियर शूटर्स, 30 मेडल लेकर टॉप पर रहा भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लीमा। भारतीय निशानेबाज अनीश भानवाला, आदर्श सिंह और विजयवीर सिद्धू ने विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप के आखिरी दिन पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। भारत इस चैंपियनशिप में सर्वाधिक 30 पदक लेकर शीर्ष पर रहा। भारतीय तिकड़ी ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में जर्मनी के फैबियन ओट्टो, फेलिक्स लुका होलफोथ और टोबियास गसोल को हराया। भारत की मान्वी सोनी (105) ने महिलाओं की जूनियर डबल ट्रैप में स्वर्ण पदक जीता। वह हमवतन येशाया हफीज कांट्रेक्टर (90) और हिताशा (76) से आगे रही। इस स्पर्धा में केवल भारतीय निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था। पुरुषों के डबल ट्रैप में विनय प्रताप सिंह चंद्रावत ने 120 का स्कोर करके सोने का तमगा हासिल किया।

### विराट भाई ने कहा था तैयार रहना है, टी20 वर्ल्ड कप में ओपनिंग करेंगे ईशान ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का सफर समाप्त हो गया है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में जीत के बावजूद वह प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। MI के कई खिलाड़ी टी–20 वर्ल्ड कप के संभावितों में शामिल हैं। ऐसे में उनके पास तैयारी के लिए बाकियों से ज्यादा समय है। इन्हीं में से एक हैं ईशान किशन। आईपीएल के दूसरे हाफ में उन्होंने शानदार खेल दिखाया है। एमआई के खिलाफ आखिरी मैच में ईशान ने इस सीजन का सबसे तेज अर्द्धशतक जड़ दिया। किशन के अनुसार, विराट ने उनसे तैयार रहने को कहा था।